महत्वपूर्ण एवं खास

नगदी,मोबाईल व स्कूटी लूटकर भागने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। दो अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति का मोबाईल,स्कूटी एवं नगदी रुपये लूटकर भाग गए। मामले की रिपोर्ट खम्हारडीह थाना पुलिस ने छह घंटे के भीतर ही आरोपियों को धरदबोचा है और लूटे गए सामानों को भी बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंगबोर्ड कालोनी कचना निवासी देवराज बाग 33 वर्ष पिता काशी बाग ने थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि गुरुवार की देर रात अपनी स्कूटी खड़ी कर कचना पेट्रोलपंप के पास मोबाईल पर बात कर रहा था। तभी 2 अज्ञात लडके आकर किससे बात कर रहा है कहकर डरा-धमका कर मारपीट कर एक सेमसंग मोबाईल व पर्स जिसमें नगदी 350 रुपये तथा स्कूटी क्रमांक सीजी12 एबी 6688 को लूट कर भाग गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह पीचएई में पदस्थ अधिकारी के यहां गाड़ी चलता है। परिवारिक सलाह और के चलते घटना दिनांक को देवराज थाना नही आया। कल रात इसकी रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस टीम को आरोपियों की पतासाजी के लिए लगाया गया,जिसके छह घंटों के भीतर ही पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए सामानों को भी बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की शिनाख्त लक्ष्मण जाल,अशोक मकड़ी के रुप में हुई है। दोनों पार्वती नगर ,खम्हारडीह के रहने वाले है। दोनों के खिलाफ धारा 392,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है।

बेटी की शादी में कर्ज हो जाने का झांसा देकर साढू से ठग लिए 8 लाख रुपये, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बेटी की शादी में लाखों रुपये का कर्ज होने का झांसा देकर अपने साढू से 8 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट सिविललाईन थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार अवन्ति विहार तेलीबांधा निवासी राजु राम टेके 55 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 21 दिसंबर 2015 में प्रार्थी का साढू भूषण खतारे प्रार्थी के घर आकर उसने बेटी के शादी में ज्यादा कर्ज हो गया है उसे चुकाना है कहकर 8 लाख रुपये उधार लिया। उधार के पैसों के बदले छिंदवाड़ा में अपनी जमीन का कुछ हिस्सा प्रार्थी के नाम रजिस्ट्री कर देने की बात कही थी। जिसके बाद पीड़ित ने अपने साढू को 8 लाख रुपए दे दिए थे। आरोपी ने जमानत के तौर पर बतौर अपना चेक एवं बैंक की पास बुक दे दी थी। इस बात से संतुष्ट होने पर राजू ने रकम की देनदारी की नोटरी भी कराई थी। मगर पैसे उधार लेने के बाद आज तक पीड़ित का साढू भूषण ने रकम वापस नही की। आरोपी ने पीड़ित से आठ लाख रुपए उधार लेकर फरार हो गया है। आरोपी ने उधार लौटाने अपने एटीएम कार्ड का नोटरी कराया था,जिसमें उधार की रकम हर मरीने 25 हजार रुपए लौटाने का झांसा दिया। उधार लेने के बाद वह अपना एटीएम कार्ड ब्लॉक करा दिया और इसके बाद से वह फरार हो गया। मामले की शिकायत दर्ज कर पुलिस आरोपी की पतासाजी में जुटी गई है।

सड़क हादसे में पैदल जा रहे व्यक्ति की मौत,हाईवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। पैदल जा रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार हाईवा ने ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार छोटे उरला अभनपुर निवासी जनक सोनवानी ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी का मामा हेमराज जोशी 43 वर्ष पिता स्व.तेजऊ जोशी सुबह 7 बजे काम पर गया था। शाम 7.15 बजे शराब भट्ठी मोड एनएच 43 अभनपुर के पास उसे रोड एक्सीडेन्ट होने से उसके सिर में चोट लगने से मौके पर मृत्यु हो जाने की जानकारी मिलने पर प्रार्थी व परिवार के लोग घटना स्थल पर जाकर तब प्रार्थी के मामा हेमराज जोशी को एक हाईवा क्रमांक युपी 33 एटी 3219 का चालक अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

खेतों के ढलान वाले हिस्से में बनाएं कुंआ और तालाब - मुख्यमंत्री

» आंगनबाड़ियों को बच्चों के लिए आकर्षक बनाएं

» पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के काम-काज की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य में खेती-किसानी को समृद्ध बनाने के लिए सिंचाई जरूरी है। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को मनरेगा के तहत किसानों के खेत के निचले हिस्से में कुंआ और तालाब (डबरी) का निर्माण कराने के निर्देश दिए ताकि खेतों के ऊपरी हिस्से का वर्षा जल कुंओं और तालाब में संग्रहित हो सके। जिससे किसान आवश्यकता के अनुसार पानी लिफ्ट कर सिंचाई कर सके। उन्होंने आवश्यकतानुसार किसानों को पंप उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने वन अधिकार अधिनियम के तहत वनभूमि के पट्टाधारी कृषकों को भी सिंचाई सुविधा के लिए कुंआ एवं तालाब से लाभान्वित किए जाने की बात कही। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री टी.एस. सिंहदेव, कृषि एवं जलसंसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती रेणु जी पिल्ले, सचिव आर. प्रसन्ना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को बस्तर अंचल में ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य में स्थानीय युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कहीं, ताकि निर्माण कार्य को समयावधि में पूरा किया जा सके। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से स्वीकृत एवं निर्मित आंगनबाड़ियों को मुख्यमंत्री ने आकर्षक रूप से रंग-रोगन और वहां बच्चों के लिए खेल सुविधाएं सुलभ कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के विकास, महिला समूहों द्वारा संचालित आय मूलक गतिविधियों में मदद एवं मार्गदर्शन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को नोडल की जिम्मेदारी सौंपी।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को वर्षा जल के संग्रहण एवं भू-जल संवर्धन के लिए नालों में स्माल स्ट्रक्चर बनाने का कार्य प्राथमिकता से कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य के भू-जल समस्या मूलक 24 विकासखण्डों में नाला उपचार सहित नदियों एवं नालों में उपयुक्त स्थलों में मिट्टी का डाईक वाल बनाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राज्य के धान उपार्जन केन्द्रों में स्वीकृत एवं निर्माणाधीन चबूतरों के उपर शेड निर्माण कराए जाने के भी निर्देश दिए ताकि उपार्जित धान का सुरक्षित रख-रखाव हो सके। बैठक में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण श्रीमती रेणु जी. पिल्ले ने बताया कि राज्य में मनरेगा के तहत चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 669 लाख मानव दिवस अर्जन कर 107 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वृहद पैमाने पर तालाब निर्माण एवं गहरीकरण, डबरी, कुंआ, चेकडैम, स्टॉपडेम, सोकपिट, नहर लाईनिंग, सिंचाई नाले का निर्माण कराया जा रहा है। वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में मनरेगा के तहत लगभग 85 हजार निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए जिनमें से 37 हजार कार्य पूरे कराए जा चुके है शेष निर्माणाधीन है।

100 किलो गांजा के साथ राजस्थान के 3 तस्कर गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के नगरनार पुलिस ने धनपुंजी फारेस्ट नाका के पास से एक सफेद रंग की इन्नोवा कार आरजे 14 टीडी 3757 की तलाशी में 100 किलो गांजा बरामद कर गांजा तस्करी कर रहे तीन तस्करों विकास कुमार, सुनील कुमार और अनिल कुमार को शुक्रवार की देर शाम गिरफ्तार किया है, जिसे आज न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड़ में जेल दाखिल किया गया है। ज्ञात हो कि 01 जुलाई को नगरनार पुलिस ने 300 किलो गांजा के साथ हरियाणा के गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया था। नगरनार टीआई शिवशंकर गेंदले ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि तीन युवक एक सफेद रंग की इन्नोवा कार में मादक पदार्थ गांजा लेकर ओड़िसा से जगदलपुर की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने धनपुंजी स्थित फारेस्ट नाका के पास नाकेबंदी करते हुए वहां से गुजरने वाले वाहनों को तलाशी लेना शुरू किया। इसी दौरान पुलिस ने ओड़िसा की तरफ से आ रही एक सफेद रंग की इन्नोवा कार आरजे 14 टीडी 3757 को रोककर उसमें सवार तीन युवकों से पूछताछ करते हुए वाहन की तलाशी में पुलिस ने कार से 100 किलो गांजा बरामद किया है। जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 05 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने कार में सवार विकास कुमार, सुनील कुमार और अनिल कुमार सभी निवासी राजस्थान को गिरफ्तार कर पूछताछ में तीनों गांजा तस्करों ने पुलिस को बताया कि वह यह गांजा राजस्थान बेचने के लिए लेकर जा रहे थे।

पौधा तुंहर द्वार अभियान : वन विभाग घर तक पहुंचाकर दे रहा निःशुल्क पौधा

» व्हाटस ऐप के माध्यम से की जा सकती है पौधों की मांग

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा ''पौधा तुंहर द्वार'' कार्यक्रम के तहत रायपुर जिले में घर तक पहुंचाकर निःशुल्क पौधे नागरिकों को प्रदाय किए जा रहें है। इसके लिए फोन नं- 75870-11614 पर व्हाटस ऐप के माध्यम से पौधो की मांग की जा सकती है। अभी तक करीब 5 हजार पौधो का वितरण किया जा चुका है। अभियान के तहत 31 जुलाई तक पौधों की मांग की जा सकती है। योजना का उद्रेश्य रायपुर जिले के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को प्रदूषणमुक्त और हरा-भरा बनाना है।

जिला वनमंडलाधिकार रायपुर विश्वेष कुमार ने बताया कि रायपुर नगर निगम में ''पौधा तुंहर द्वार'' के माध्यम से नागरिकों को पौधे प्रदाय करने के लिए दो विशेष वाहन लगाए गए हैं। इसके अलावा जिले की गांवों में भी नागरिकों तक पहुंच कर पौधों का वितरण किया जा रहा है। अभियान के तहत जहां फलदार वृक्ष जैसे आम, कटहल, जामुन, मुनगा, इमारती एवं छायादार वृक्ष जैसे पीपल, नीम, बरगद, करंज, खम्हार, बैहरा, फूलदार वृक्ष जैसे गुलमोहर, कचनार आदि के पौधे निःशुल्क प्रदाय किए जा रहें है।

संस्थाओं, एन.जी.ओ, पंचायतों और नागरिकों को अभी तक 2 लाख 32 हजार पौधो का निःशुल्क वितरण- वनमंडलाधिकारी ने बताया कि इसी तरह विभागीय योजना के तहत सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, तथा अन्य संस्थाओं, एन.जी.ओ, पंचायतों, पुलिस, आर्म्रड फोर्स, शासकीय कार्यलय तथा नागरिकों को भी वन विभाग के नर्सरी के माध्यम से निःशुल्क पौधे दिए जा रहें हैं। इसके लिए वन विभाग के कार्यालय या वन विभाग के माना एवं गौढ़ी नर्सरी से संपर्क किया जा सकता है। अभी तक इस योजना के तहत 2 लाख 32 हजार पौधो का निःशुल्क वितरण किया जा चुका है।

तीसरी लहर से निपटने तैयारियां तेज, चिकित्सा अधोसंरचना को स्थायी मजबूती देने कवायद

» वैटीलेटर, आईसीयू, ऑक्सीजन बैड, ऑक्सीजन प्लांट, सिलेंडर, कॉनसेंट्रेटर्स की संख्या में लगातार हो रहा इजाफा

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को लेकर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में ऑक्सीजन, वैंटिलेटरों, दवाइयों, बिस्तरों, चिकित्सकों तथा चिकित्साकर्मियों के समुचित प्रबंध समय रहते कर लेने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। वे विभाग के अधिकारियों की लगातार बैठकें लेकर संभावित परिस्थितियों से निपटने की रणनीति तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि गांवों से लेकर शहरों और राजधानी रायपुर तक चिकित्सा अधोसंरचना को इस तरह मजबूत किया जाए कि वह तीसरी-लहर का सामना करने में कारगर साबित हो, साथ ही कोरोना के बाद भी राज्य के पास एक स्थायी और मजबूत अधोसंरचना उपलब्ध हो।

पिछले वर्ष कोरोना की पहली लहर के साथ ही प्रदेश में चिकित्सा अधोसंरचना मजबूत करने के दूरदर्शितापूर्ण प्रयास प्रारंभ कर दिए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप चरणबद्ध तरीके से स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी हो रही है। वर्तमान में प्रदेश में वैटीलेटर्स की संख्या 280 से बढ़कर 723, आईसीयू बैड्स की संख्या 406 से बढ़कर 729, आक्सीजन कॉनसेंट्रेटर्स की संख्या 1061 से बढ़कर 5142, जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर 2704 से 9382, छोटे आक्सीजन सिलेंडर 2499 से 5362, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट 6 से 23, मल्टी पैरामॉनिटर 624 से बढ़कर 1142 हो चुके हैं। राज्य सरकार ने कोरोना से निपटने के लिए जो रणनीति तय की है, उसमें प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 05 आक्सीजन कॉनसेंट्रेटर, प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 ऑक्सीजन बैड, 15 जंबो सिलेंडर और 4 आईसीयू बैड, प्रत्येक जिला चिकित्सालय में सभी ऑक्सीजन बैड, वैंटिलेटर सहित कम से कम 30 आईसीयू बैड, कम से कम 02 शिशु वैंटिलेटर, ऑक्सीजन के लिए पीएसए प्लांट, लिक्विड ऑक्सीजन टैंक एवं ऑक्सीजन पाइप लाइन तथा मैनिफोल्ड, प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में वैंटिलेटर सहित 100 आईसीयू बैड, 20 शिशु वैंटिलेटर, तथा जिला अस्पतालों जैसे सभी संसाधन होंगे।

ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता के लिए प्रदेश में 100 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 23 पूर्ण हो चुके हैं और 77 निर्माणाधीन हैं। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला चिकित्सालयों में पीएसए प्लांट स्वीकृत किए जा चुके हैं। इसी तरह 22 लिक्विड ऑक्सीजन टंकियां स्वीकृत की गई हैं। 10, 618 जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर तथा 7960 छोटे ऑक्सीजन सिलेंडर की अतिरिक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

मामुली विवाद पर नास्ता ठेला वाले ने दो युवकों के उपर फेक दिया खौलता हुआ तेल

भिलाई (आरएनएस)। नास्ता करने के दौरान मामुली विवाद पर मारपीट होने पर ठेला संचालक ने दो युवकों के ऊपर खौलता हुआ तेल डाल दिया तथा चाकु से अन्य युवकों पर वार कर घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट नेवई थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार शारदापारा, कैलाशनगर कैम्प 02 भिलाई निवासी ऋषभ सोनी 24 वर्ष पिता अखिलेश सोनी ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 2 जुलाई को प्रार्थी का भाई योगेश ने फोन पर सूचना दिया कि स्टेशन मरौदा ओव्हरब्रिज के नीचे नास्ता ठेला वाले से मारपीट हो गया है। जिसके बाद प्रार्थी अपने दोस्तों के साथ मौके पर पहुंचा तब नास्ता ठेला संचालक सुभाष व उसके अन्य साथियों से विवाद की वजह पुछने पर सुभाष गाली-गलौच करते हुए कड़ाही से खौलता हुआ तेल प्रार्थी के भाई योगेश व बल्लू के चहरे पर डाल दिया। जिससे वे झुलस गए वहीं झगड़ा होता देख आरोपी के पक्ष में आस-पास के ठेला वाले डंडा लेकर मारपीट करना शुरु कर दिये तथा सुभाष ने चाकू से प्रार्थी व सतीश राजवाड़े पर हमला कर चोट पहुंचाया। किसी तरह वे अपनी जान बचाकर भागे व उपचार के बाद थाने में मामले की शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने सुभाष एवं उसके साथियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

विस्फोटक व नगद राशि के साथ दो नक्सली सहयोगी गिरफ्तार

बीजापुर (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत मुखबीर की सूचना पर थाना उसूर से जिला बल की टीम द्वारा उसूर-गलगम मार्ग के मध्य एमसीपी की कार्यवाही में विस्फोटक कार्डेक्स वायर, डेटोनेटर, एवं नगद एक लाख 26 हजार 770 रूपये के साथ 02 नक्सली सहयोगी पापैया कड़ती पिता दारा कड़ती उम्र 38 वर्ष साकिन गगनपल्ली थाना बासागुड़ा एवं 01 माड़वी आंदा पिता देवा साकिन तुमिरगुड़ा थाना उसूर को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार नक्सली पापैया कड़ती पुलिस पार्टी को देखकर मोटर साइकिल सीजी 18जे 7710 से भागने का प्रयास कर रहा था। जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उक्त रकम व सामग्री नक्सली कमाण्डर अकीला पति कमरूददीन द्वारा

देना बताया व उक्त सामान को इंदिरापारा नड़पल्ली में इंतजार कर रहे माड़वी अंदा के साथ नक्सली मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर मुया पिता हड़मा उर्फ झुठी बडडे उम्र 35 वर्ष को देने जाना बताया ।

गिरफ्तार नक्सली सहयोगी माड़वी आंदा के निशानदेही पर विस्फोटक गांठ लगा हुआ कार्डेक्स वायर, अमोनिया नाईट्रेट 700 ग्राम काला रंग का, 200 ग्राम सल्फर ग्रेनज्युल्स, जैसे दिखने वाला पीला पाउडर, इलेक्ट्रीक वायर, स्टील का टिफिन, पेंसिल सेल, एवं एक लाख नगद बरामद किया गया। पुछताछ पर उपरोक्त सामग्री नक्सली कमाण्डर अकीला के द्वारा दिया जाना एवं मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर कवासी मुया ग्राम नब्बी को देने जाना बताया गया। मेमोरण्डम कथन के आधार पर दोनो के कब्जे से विस्फोटक एवं नगद राशि बरामद किया गया।

गिरफ्तार दोनो नक्सलरी एवं एक सहयोगी का कृत्य विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 04, 05 के तहत दण्डनीय होने से थाना उसूर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आज उक्त दोनो गिरफ्तार नक्सलियों को न्यायीक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कल कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

हाट-बाजारों में ग्रामीणों को मिले नियमित स्वास्थ्य सेवाएं - मुख्यमंत्री

» स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ बनाने राशि की कमी नहीं

» कोरोना की तीसरी लहर के प्रबंधन की करें बेहतर व्यवस्था

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में ग्रामीण अंचल में लोगों को सहजता से स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से हाट-बाजार क्लिनिक योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण अंचल के हाट-बाजारों में नियमित रूप मेडिकल टीम जाए, लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हो, उन्हें निःशुल्क दवाएं मिले। इसके लिए पर्याप्त प्रबंध किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने हाट-बाजार क्लिनिक के लिए आवश्यकतानुसार चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती तथा एम्बुलेंस वाहन का इंतजाम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाट-बाजार क्लिनिक योजना को सुदृढ़ करने से कोरोना महामारी के नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में कोरोना की तीसरी लहर की रोकथाम के लिए राज्य में की जा रही स्वास्थ्यगत तैयारियों की भी गहन समीक्षा की और कहा कि इसके लिए फंड की कमी नहीं होगी। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य डॉ. आलोक शुक्ला एवं सचिव सु सहला निगार, विशेष सचिव सी.आर. प्रसन्ना, एन.एच.एम. की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला, सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक कार्तिकेय गोयल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बैठक में कांकेर, कोरबा एवं महासमुंद में मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण, चिकित्सा उपकरण सहित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी शासकीय चिकित्सालयों में मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराने तथा हॉस्पिटल परिसर के पास जेनेरिक दवाओं की दुकान के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सीजीएमएससी के माध्यम से चिकित्सालयों में अधोसंरचना के निर्माण कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए तकनीकी अधिकारियों की कमी को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से पूरा करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कोरोना की तीसरी लहर की रोकथाम के लिए जिला चिकित्सालयों से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन बेड, आईसीयू बेड, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सप्लाई के लिए प्लांट, ऑक्सीजन सिलेण्डर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।